Reg:-Govt.of india

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज

Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com सोमवार 16 दिसम्बर 2024






# अ0 वी 0 कांग्रेस पार्टी के वरीय जिला उपाध्यक्ष कैसर इमाम ने सरकार से की भैरवी जलाशय परियोजना को पूर्ण कराने की मांग

## वर्षों से अधर में लटका है भैरवी जलाशय परियोजना का नहर निर्माण कार्य




**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट सज्जाद आरिफ**

दुलमी प्रखंड स्थित भैरवा जलाशय की महत्वाकांक्षी सिंचाई योजना पूरी तरह से अधर में लटका हुआ है। जिस कारण दुलमी,चितरपुर तथा गोला प्रखंड अंतर्गत रहनेवाले हजारों किसानों की फसल सिंचाई की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। क्या बात है अ0वीं 0 कांग्रेस पार्टी के वरीय जिला उपाध्यक्ष कैसर इमाम ने एक प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा है कि भैरवी जलाशय क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी परियोजना है जो वर्षों से अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा है कि उक्त तीनों प्रखंड रामगढ़ ज़िला अंतर्गत आते हैं, जहां सैकड़ों किसान सिंचाई के अभाव में अपने फसलों को समय पर पानी नहीं दे पाने के कारण वे काफी नुकसान उठा रहे हैं। जबकि केंद्र तथा तत्कालीन बिहार सरकार के सौजन्य से 1990 में सिंचाई के लिए इस जलाशय का निर्माण किसानों से भूमि अधिग्रहण कर कराया था। किसानों ने भी सिचाई हेतु आशान्वित होकर खुशी खुशी भूमि आवंटित किए थे। उन्होंने कहा कि जलाशय का काम तो पूर्ण हो गया। लेकिन नहर का काम आज भी आधा अधूरा पड़ा हुआ है। जिसमें किसानों की सैकड़ों एकड़ भूमि नहर के नाम से मिट्टी कटिंग कर छोड़ दिया गया। रामगढ़ कांग्रेस तथा किसान केंद्र तथा राज्य सरकारों से माँग करते हैं कि सरकार इस परियोजना को पूर्ण कर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराया जाए।

# पतरातू का पानी झूला के पास से गिद्दी में नियमित आपूर्ति कराने को लेकर एनसीओईए का एक प्रतिनिधि मंडल बरका सयाल जीएम से मिला

## जीएम बरकासयाल ने पतरातू का पानी गिद्दी को निर्बाध रूप से आपूर्ति कराने का दिया आश्वासन




**समाचार संध्या**

गिद्दी। पतरातू का पानी झूला पुल गिद्दी के पास से गिद्दी ए में नियमित आपूर्ति कराने को लेकर एनसीओईए का एक प्रतिनिधिमंडल अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में बरका सयाल जीएम से मिलकर उक्त बातें रखी।जीएम बरकासयाल अजय सिंह द्वारा पतरातू का पानी गिद्दी को निर्बाध रूप से आपूर्ति कराने का आश्वासन दिया गया।एनसीओईए के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह से मिलकर गिद्दी ए झूला पुल के पास से निर्बाध रूप से गिद्दी ए में आपूर्ति होने वाला पानी को नियमित करने की मांग की गई। इस बावत प्रतिनिधिमंडल को निर्बाध रूप से नियमित पानी आपूर्ति कराने के लिए जीएम द्वारा आश्वस्त किया गया। प्रतिनिधिमंडल में चंदन सिंह, राम नरेश सिंह,गोपाल यादव,वासुदेव साव, रविन्द्र विश्वकर्मा,संयासन उपस्थित थे।

---

# डीएवी गिद्दी विद्यालय परिसर में पिकनिक का किया गया भव्य आयोजन

## खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी बच्चों ने खूब उठाया लुत्फ़








**समाचार संध्या**

गिद्दी। डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए विद्यालय परिसर में वर्ग चतुर्थ से वर्ग षष्ठम के बच्चों के लिए भव्य पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को मनोरंजित किया गया। बच्चों द्वारा इसका भरपूर लुत्फ़ उठाया गया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के साथ साथ सहयोग , सामंजस्य और आपसी सद्भाव विकसित करना था। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान बच्चों ने नृत्य और संगीत का भरपूर आनंद लिया। बच्चों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मनप्रीय चटर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास विद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा विद्यालय प्रबंधन इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति बच्चों में सिर्फ शैक्षणिक विकास ही नहीं बल्कि सह शैक्षणिक विकास पर भी बल देता है। वर्तमान समय में भारत को अगर विकसित राष्ट्र बनाना है तो बच्चों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करना ही होगा जिसके लिए हमारा विद्यालय प्रबंधन संकल्पबद्ध है।इस आयोजन को सफल बनाने में खेल प्रशीक्षक उमाशंकर प्रसाद, आर. सी महाराणा, विजय शाह, एस टी होदा, ए के झा, दुर्गेश भारद्वाज, एस के झा, महेश त्रिवेदी, बंदना चटर्जी और अनुराधा निषाद आदि मौजूद थे।

# सीसीएल खुली खदान सिरका में फायर जोन में धंसा जमीन, डोजर भिड़ाकर गढ्ढे जमीन पर आग पर काबू पाने की कोशिश










**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट एस. कुमार**

सिरका। सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के खुली खदान सिरका में फायर जोन के समीप कोयले वाले सीम जमीन एकाएक धंस गई. जिससे कई फीट गोलाकार गढ्ढा उभर आया. जबकि आग भी विकराल रूप में बढ़ने लगी. जिसे देख प्रबंधन ने जमीदोज स्थल और आग पर काबू पाने के लिए माईनिंग कर्मचारी व डोजर भिड़ाकर डोजरिंग करवाया जा रहा था. अगलगी क्षेत्र से डोजर द्वारा धकेल कर आग लगे कोयलो को पास में खदान में जमा पानी में गिराया जा रहा था. जिससे आग में काबू करने का प्रयास किया जा रहा था. समाचार लिखे जाने तक यह कार्य जारी था. वही खदान के अन्य क्षेत्रों में टैंकर द्वारा आग लगे जगह पर पानी गिराया जा रहा है, लेकिन आग खदान के मिट्टी के अंदर धधक रही है। वहीं इससे जान माल क्षति की सूचना नहीं मिली है।

Dr. Balmiki Mehta (Advocate)
Consultant

INCOME TAX DEPARTMENT

7870469472
8918392600
Email : randhirkushwaha074@gmail.com

Randhir Singh
Income Tax Advisor

Note : Income Tax Return, TDS Refund, P.F. Refund, GST Reg. & Filling.

PAN CARD में हर प्रकार का सुधार आसानी से किया जाता है ।

हमारे Tax Expert आपकी मदद करने हेतु तैयार है ।

MAA BHAWANI INTERNET, SIRKA SBI ATM के पिछे, मिल के बगल में

# मां शीतला मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत् कथा के छठे दिन भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को आरती के साथ कथा वाचन की शुरूआत हुई। जिसमें कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक ने श्रद्धालुओं को श्री कृष्णा की रास लीला की कथा एवं कंश के वध की कथा का सार बताया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति विभोर के साथ कथा का श्रवण किया। तत्पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ छठे दिन की कथा का समापन किया गया। बताया गया कि प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक आगामी 17 दिसंबर तक श्री भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, मोहन कुमार, मंगलम, गणेश श्रीवास्तव, नान्हू यादव, राजन नायक सहित दर्जनो श्रद्धालु जुटे हैं।

---

# राष्ट्रीय कोयला मजदुर यूनियन की 21 सूत्री मांगो को ले क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) भुरकुंडा में प्रबंधन के साथ बैठक का हुआ आयोजन

## सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का प्रबंधन ने दिया आश्वासन



**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) भुरकुंडा में सोमवार को राष्ट्रीय कोयला मजदुर यूनियन की 21 सूत्री एजेंडा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्रमवार सभी बिन्दुओ पर बारी-बारी से विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमें कर्मियों की सेवा, कर्मियों की आवासीय सुविधा, कार्य स्थल की कमियों से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की ओर यूनियन ने प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिस पर प्रबंधन द्वारा यूनियन के सभी मांगों पर तत्काल सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदादिकारी अजहर खान, कार्मिक पदादिकारी अपर्णा कुमारी, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद उपाध्याय और यूनियन की ओर से बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एसएन प्रसाद, सह सचिव विमल बिहारी श्रीवास्तव, नौशाद हुसैन, वशिष्ट मुनि विश्कर्मा, अरुण कुमार, अर्जुन बेदिया, महेंद्र, प्रेम कुमार पासवान आदि मौजूद थें।

# भुरकुंडा पंचायत भवन में घासी समाज झारखंड प्रदेश की बैठक 22 को : जग्गू घांसी



**समाचार संध्या** भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पंचायत भवन में आगामी 22 दिसंबर को सम्बल पुरिया घासी समाज झारखंड प्रदेश की बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए समाज के जग्गू घांसी, रवि दीप, विजय कुमार, रंजीत, दीप, छुन्नू, सागर, सुरज, सतीश, सागर, बजरंग आदि ने बताया कि भुरकुंडा पंचायत में 22 दिसंबर को 3 बजे आहुत बैठक में रामगढ़ जिले के सभी सदस्य शामिल होंगे। इसमें शिक्षा, समाज का उत्थान, समाज की मजबुती और एकजुटता पर बल देते हुए मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

# फ्लिपकार्ट कर्मी से हुई बाइक लूट का गिद्दी पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

## अरगड्डा माइंस के समीप विगत 02 दिसंबर की रात्रि हुई थी बाईक की लूट



**समाचार संध्या**

गिद्दी। फ्लिपकार्ट कर्मी से बाईक की लूटपाट का खुलासा गिद्दी पुलिस द्वारा किया गया है। विदित हो कि अरगड्डा माइंस के समीप विगत 02दिसंबर की रात्रि में फ्लिपकार्ट कर्मी से अज्ञात लुटेरों द्वारा बाईक की लूट की गई थी।पुलिस ने लूटी गयी बाइक, हेल्मेट बरामद की गई।साथ ही लूट में शामिल एक लुटेरा को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी अनुसंधान से मिली सूचना पर होसिर मियांबांध, गोमिया से गोवर्धन रविदास को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से लूट में शामिल बाइक तथा उसकी निशानदेही पर बुंडू, केरेडारी से लूटी गयी बाइक जब्त किया गया है।पुलिस ने बताया कि इस लूटपाट की घटना में पांच अपराधकर्मी शामिल थे। फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। गिद्दी पुलिस ने बताया कि इस गिरोह में शामिल अपराधकर्मी द्वारा कई जगहों पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। और जेल भी जा चुके है। छापामारी अभियान में गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार के अलावे एसआइ रघु उरांव, सुनील महतो व गोवर्धन राम शामिल थे।

# मांडू प्रखंड के मंझला चुम्बा में जतरा मेला का आयोजन









**समाचार संध्या**
**रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। मांडू प्रखंड के मंझला चुम्बा पंचायत सचिवालय के समीप सोमवार को ग्रामीणों द्वारा जतरा मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि यह त्यौहार ग्रामीणों द्वारा किसान धान की कटाई हो जाती है तब सभी जातियों के लोगों मिलकर इस खुशी को त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। समाज के लिए जतरा मेला एक पारंपरिक त्यौहार है। साथ ही घर में खुश शांति एवं समृद्धि भी आती है। जिसमें सभी ग्रामीण सभी सामुदायिक के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते हैं। यह जतरा मेला कई वर्षो से मनाया जा रहा है। मेला में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। दुकानों में जमकर बिक्री हुई। बच्चों व बड़ों में झूलों का लुत्फ उठाया। इस मौके पर सैकड़ो ग्रामीण लोग शामिल थे।

# ऐक्टू का 24-26 फरवरी 2025 राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल करने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया

## मोटिया मजदूरों की बैठक में लोडिंयग- अनलोडिंग प्रति बोरा

## रु-9.30 भुगतान करने की मांग मजदूरों ने लिया आंदोलन करने का निर्णय।



**समाचार संध्या**

रामगढ़। रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों के खाद्य आपूर्ति विभाग में कार्यरत मोटिया मजदूरों की नईसराय-रांची रोड स्थित एफसीआई गोदाम के समीप बैठक शिबू गंझू की अध्यक्षता में एवं ऐक्टू नेता अमल कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में लोडिंग -अनलोडिंग प्रति बोरा मोटिया मजदूरों को रु-9.30 पैसा तय दर के हिसाब से भुगतान करने के मांग को लेकर मुद्दे पर गहन विचार विमर्श किया गया। अगर तय- निर्धारित दर प्रति बोरा ₹9.30 पैसा की भुगतान नहीं की जाती है। हम मोटिया मजदूर बाध्य होकर आंदोलन की दिशा अख्तियार करेंगे। एआईसीसीटीयू का फरवरी 2025 को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर भी कार्य करने पर चर्चा की गई। इस मौके पर बैठक में शिबु गंझू, कपिल गंझू, राजेंद्र, जीतन गंझू, सनी मुंडा, प्रदीप मुंडा, पंचम मुंडा, छोटेलाल मुंडा, संजय मांझी, छोटा मुंडा, मंतोष रजवार, मनोज, विनोद,सुरेश आदि सैकड़ो मोटिया मजदूर शामिल थे।

# रामगढ़ में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ऐपवा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक संपन्न हुई



**समाचार संध्या**

रामगढ़। रामगढ़ में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ऐपवा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सुनीता सोरेन एवं संचालन नीता बेदिया ने किया तथा बैठक में कांति देवी, जयंती देवी, सोनी कुमारी अन्य उपस्थित थे। बैठक से लिए गए फैसले आज 16 दिसंबर दिल्ली निर्भया बलात्कार कांड की बरसी है और ऐपवा केन्द्रीय कमेटी के आह्वान पर बीते 14 दिसंबर को अभया से 16 दिसंबर निर्भया तक की याद में कार्यक्रम के आलोक में यह बैठक आयोजित की गई । निर्भया बलात्कार कांड के बाद केन्द्र सरकार ने निर्भया फंड और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नाम पर जारी फंड का अधिकांश प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर पोस्टर, बैनर पर खर्च होता है। कई जिलों में इस्तेमाल न होने के कारण यह फंड लौट जाता है। वर्मा कमीशन के बहुत सारे सुझावों को अबतक लागू नहीं किया गया है। महिला हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और इस पर सरकार का रवैया निहायत महिला विरोधी है। ऐपवा मांग करती है कि निर्भया फंड के तहत लड़कियों को पढ़ाई, सुविधाएं, सुरक्षा की गारंटी करने में खर्च किया जाए।


## समाचार संध्या मे ad लगाने के लिया संपर्क करे।

समाचार संध्या खबर के साथ 24×7

**Email :- *samacharsandhiyanews@gmail.com***

***www.samacharsandhiya.com***

**Mob no:- 9955516169**

समाचार संध्या खबर के साथ 24×7